
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी, 8 जून को होगी प्रीलिम्स परीक्षा।

Publisher

Published on 29 May 2025




## यूपीएससी ने ESE प्रीलिम्स 2025 के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए, अभ्यर्थी अब तुरंत करे डाउनलोड।

**नई दिल्ली : संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)** ने **इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2025** के प्रारंभिक चरण के लिए **एडमिट कार्ड** जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा आगामी **8 जून 2025** को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे करें **एडमिट कार्ड डाउनलोड**

१. **UPSC की वेबसाइट** upsc.gov.in पर जाएं।
२. '**Active Examinations**' सेक्शन में **Engineering Services Examination 2025** पर क्लिक करें।
३. '**ESE Admit Card 2025**' लिंक को चुनें।
४. दिए गए निर्देश पढ़ें और '**Yes**' बटन पर क्लिक करें।
५. अपनी **पंजीकरण संख्या और जन्म तिथि** दर्ज करें।
६. स्क्रीन पर **एडमिट कार्ड** दिखाई देगा, जिसे **डाउनलोड करे और प्रिंट ले**।

**एडमिट कार्ड मे गड़बड़ी हो तो तुरंत करे शिकायत**

अगर किसी उम्मीदवार को **एडमिट कार्ड मे नाम, जन्म तिथि, रोल नंबर** या अन्य किसी जानकारी में त्रुटि मिलती है, तो वह तुरंत **UPSC** से संपर्क करें। इसके लिए आयोग ने ईमेल आईडी **usengg-upsc@nic.in** जारी की है, जिस पर गलती की सूचना भेजी जा सकती है।

परीक्षा केंद्र पर किन दस्तावेजों को ले जाना है अनिवार्य ?

१. **प्रिंटेड एडमिट कार्ड**

२. एक मान्य सरकारी पहचान पत्र (**आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेसं**)

बिना इन दस्तावेजों के परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**UPSC ESE परीक्षा के तीन चरण**

**प्रीलिम्स परीक्षा (Preliminary Exam)**

**मुख्य परीक्षा (Mains)**

**व्यक्तित्व परीक्षण (Interview)**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से संबंधित सभी दिशानिर्देश ध्यान से पढ़ें और परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.